# दैनिक नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

वर्ष : 01 | अंक : 20 | जयपुर, गुरुवार, 21 अगस्त 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4



सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com


## न्यूज़ ब्रीफ

### बस्तर सांसद ने प्रधानमंत्री को बस्तर दशहरा में शामिल होने को दिया आमंत्रण



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बुधवार को अपनी पत्नी चंपा कश्यप व पुत्री क्षमता कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रण दिया। सांसद महेश कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए बस्तर दशहरे में समय निकालकर शामिल होने का आश्वासन दिया है।मुलाकात के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया और बस्तर में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र ने विगत 11 वर्षों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए को हटाकर भारत माता के माथे से कलंक मिटाने का साहसिक निर्णय हो या फिर अयोध्या में भगवान राम मंदिर का निर्माण कराकर भारत की आध्यात्मिक आत्मा को पुनर्जागृत करने का कार्य, इन ऐतिहासिक कदमों ने भारत को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाई है। सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में बस्तर जैसे आदिवासी बहुल, जल-जंगल-जमीन से समृद्ध लेकिन लंबे समय तक नक्सलवाद से पीड़ित क्षेत्र में आज शांति और विकास की नई राह दिखाई दे रही है।

### मोदी सरकार आपदाओं से निपटने के लिए बचाव-आधारित दृष्टिकोण रखती है : अमित शाह




■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि 2014 से किसी भी आपदा से निपटने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार का दृष्टिकोण और रणनीति राहत आधारित के बजाय बचाव पर केंद्रित है, जिससे हताहतों की संख्या और क्षति में उल्लेखनीय कमी आई है। यहां 'आपदा प्रबंधन और क्षमता निर्माण' पर गृह मंत्रालय (एमएचए) की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कई प्रमुख नीति-संबंधी और संस्थागत निर्णय लिए गए हैं। शाह ने कहा कि मोदी सरकार की आपदा प्रतिक्रिया नीति क्षमता निर्माण, गति, दक्षता और सटीकता के चार स्तंभों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इससे आपदाओं के दौरान महत्वपूर्ण रोकथाम हुई और नुकसान रोका जा सका।इससे पहले ओडिशा में 1999 के सुपर चक्रवात में 10 हजार लोगों की मौत हुई थी।

# सीपी राधाकृष्णन नामांकन: विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे : प्रधानमंत्री मोदी

- सीपी राधाकृष्णन ने पीएम मोदी की उपस्थिति में दाखिल किया उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र
- एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उमीदवार सीपी राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन पत्र, पीएम मोदी ने जताया विश्वास
- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन पत्र, पीएम मोदी ने की उपस्थिति

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के नामांकन के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं के साथ, मैं थिरु सीपी राधाकृष्णन के साथ भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने गया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे और राष्ट्रीय प्रगति की हमारी यात्रा को समृद्ध करेंगे।एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे। राधाकृष्णन ने लगभग 20 प्रस्तावकों और 20 समर्थकों की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले आज, उन्होंने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होंने संसद भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा ज्योतिराव फुले, रानी लक्ष्मीबाई, बीआर अंबेडकर और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीपी राधाकृष्णन के साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु, एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े भी मौजूद थे। राधाकृष्णन इससे पहले सांसद और झारखंड व तेलंगाना के राज्यपाल रह चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में उनके लंबे समय से चल रहे जमीनी स्तर के काम का उल्लेख करते हुए उनके समर्पण, विनम्रता और बुद्धिमत्ता की प्रशंसा की।

### एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, प्रधानमंत्री बने पहले प्रस्तावक

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी सहित एनडीए के सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद रहे। राधाकृष्णन की तरफ से 4 सेट का नामांकन प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी पहले सेट के प्रस्तावक रहे।

### प्रधानमंत्री कल बिहार और पश्चिम बंगाल का करेंगे दौरा, 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे, जहां वे 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 अगस्त को सुबह लगभग 11 बजे बिहार के गया पहुंचेंगे, जहां वे लगभग 13,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे अमृत भारत एसप्रेस (गया से दिल्ली) और बुद्ध सर्किट ट्रेन (वैशाली से कोडरमा) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद, वे गंगा नदी पर औंटा-सिमरिया पुल परियोजना का दौरा और उद्घाटन करेंगे।यह पुल 1,870 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-31 पर बना है, जो पटना के मोकामा और बेगूसराय के बीच सीधी कनेटिविटी प्रदान करेगा। यह नया छह लेन पुल पुराने राजेन्द्र सेतु के समानांतर बना है, जिससे भारी वाहनों को अब 100 किमी की अतिरित दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।इसके अतिरित प्रधानमंत्री बतियारपुर-मोकामा एनएच-31 के चार लेन खंड (1,900 करोड़ रुपये), बसर थर्मल पावर प्लांट (6,880 करोड़ रुपये) और मुजफरपुर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे। यह आधुनिक केंद्र बिहार और आसपास के राज्यों के कैंसर रोगियों को उन्नत व सुलभ इलाज उपलध कराएगा।गंगा की स्वच्छता के लिए मुंगेर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और नेटवर्क का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिसकी लागत 520 करोड़ रुपये है। साथ ही प्रधानमंत्री शहरी बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिनकी कुल लागत लगभग 1,260 करोड़ रुपये है। इनमें औरंगाबाद, बोधगया, जहानाबाद आदि स्थानों पर जल आपूर्ति व सीवरेज से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण व शहरी गरीबों को आवास योजना के तहत 12,000 ग्रामीण और 4,260 शहरी लाभार्थियों को %गृह प्रवेश% भी कराएंगे, जिसमें प्रतीकात्मक रूप से कुछ लोगों को चाबियां सौंपी जाएंगी।

'पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम' प्रधानमंत्री शाम लगभग 4:15 बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वे करीब 5,200 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री यहां 13.61 किमी लंबी नई मेट्रो रेल लाइनों का उद्घाटन करेंगे और जेस्सोर रोड मेट्रो स्टेशन से जय हिन्द विमानबंदर स्टेशन तक मेट्रो में यात्रा भी करेंगे।वे जेस्सोर रोड से नोआपाड़ा-जय हिन्द विमानबंदर मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अतिरित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सियालदाह-एस्प्लानेड और बेलीघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। यह मेट्रो सेवाएं कोलकाता की व्यस्ततम क्षेत्रों को जोड़ेगी और यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी लाएंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री 1,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 7.2 किमी लंबे छह लेन वाले कोना एसप्रेस वे की आधारशिला भी रखेंगे।

जो हावड़ा और कोलकाता के बीच कनेटिविटी को बेहतर बनाएगा और क्षेत्र में व्यापार व पर्यटन को प्रोत्साहित करेगा।

# चुनाव आयोग के खिलाफ हमारी सरकार कार्रवाई जरूर करेगी : राहुल गांधी

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी बिहार में वोटर अधिकार यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के चौथे दिन बुधवार को उनका पड़ाव शेखपुरा पहुंचा, जहां एक जमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार पर निशाना साधा। शेखपुरा में जनसभा को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एक दिन वो सच्चाई भी सामने आएगी, जिसमें पता चलेगा कि बिहार का पिछला चुनाव भी चोरी से जीता गया था। चुनाव आयोग के लोग याद रखें, हमारी सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर करेगी। राहुल गांधी ने शेखपुरा जिले के बरबीघा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान के गरीबों के पास सिर्फ वोट का अधिकार बचा हुआ है। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसे भी छीनने का प्रयास कर रही है। आपका वोट चला जाता है, तो बाद में राशन कार्ड, उसके बाद जमीन और फिर आपके पास जो कुछ बचा हुआ है, सब चला जायेगा।राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा की सरकार मिलकर वोट चोरी करने का काम कर रही है। लोकसभा में महाराष्ट्र में कांग्रेस ने चुनाव जीता पर, चार महीने बाद विधानसभा में चुनाव आयोग की मदद से भाजपा ने वोट चोरी कर बाजी पलट दी। लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा के चुनाव में महाराष्ट्र में एक करोड़ नए वोटर जोड़ दिए गए। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में बीते 20 साल से नीतीश जी की सरकार है। यदि यहां भी जांच हो, तो पाया जायेगा कि पिछले विधानसभा में भी वोट चोरी कर ही बिहार में भी चुनाव जीता गया है। यह सच्चाई है।

### 9 अगस्त को गोपालगंज पहुंचेगी राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा, तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे नेता

राजद जिलाध्यक्ष ने बताया कि यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव और राहुल गांधी सरेया स्थित गांधी कॉलेज के खेल मैदान से रोड शो की शुरुआत करेंगे और पूरे शहर में आम जनता से मुलाकात करेंगे। इसको लेकर प्रदेश द्वारा गठित तैयारी समिति की बैठक बुधवार को समिति अध्यक्ष एवं राजद जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि नेताओं का स्वागत जिले की सीमा पर स्थित मंगलपुर मोड़ पर किया जाएगा। इसके अलावा पूरे शहर को बैनर, पोस्टर और तोरण द्वार से सजाया जाएगा। राजद जिलाध्यक्ष ने बताया कि यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव और राहुल गांधी सरेया स्थित गांधी कॉलेज के खेल मैदान से रोड शो की शुरुआत करेंगे और पूरे शहर में आम जनता से मुलाकात करेंगे। बैठक में राजद विधायक राजेश सिंह कुशवाहा, प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, प्रदेश सचिव अरविंद कुमार पप्पू, मोहन प्रसाद गुप्ता, अन्य है।

### दिल्ली से बीकानेर के मध्य नई वंदे भारत रेलगाड़ियों के परिचालन को मिली स्वीकृति

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अर्जुनराम मेघवाल को पत्र द्वारा सूचना दी, भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का जताया आभार

- दिल्ली से बीकानेर के बीच चलेगी नई वंदे भारत ट्रेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों से मिली मंजूरी
- बीकानेर को मिली बड़ी सौगात, दिल्ली से बीकानेर के बीच वंदे भारत ट्रेन का परिचालन होगा शुरू

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर



केंद्रीय कानून मंत्री व बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल के प्रयास से दिल्ली से बीकानेर के मध्य नई वंदे भारत रेलगाड़ियों के परिचालन को स्वीकृति मिल गई है। बीजेपी नेता मनीष सोनी ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अर्जुनराम मेघवाल को पत्र के द्वारा इसकी सूचना दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के स्वप्नद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास-यात्रा सतत जारी है। इस यात्रा को और गति देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीकानेर वासियों की सुविधा के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों को स्वीकृति दी है। इस वंदे भारत ट्रेन से हर वर्ग के व्यक्ति को कम समय में एक सुविधाजनक यात्रा मिलेगी। मेघवाल ने इस अवसर पर सभी बीकानेर वासियों को बधाई दी। भाजपा नेता सत्यप्रकाश आचार्य, जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, सुमन छाजेड़, विजय आचार्य, मोहन सुराणा, अशोक प्रजापत, मनीष सोनी, पंकज अग्रवाल, दौलत सारण ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया।







## संपादक की कलम से....

# उपभोक्तावाद की चमक-दमक में खोती इंसानियत



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

आज के दौर में इंसान जिस तेज़ी से विकास और आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, उसी गति से वह पूंजी के खेल का शिकार भी बनता जा रहा है। आधुनिक अर्थव्यवस्था और बाज़ार व्यवस्था ने उपभोक्तावाद को इस हद तक बढ़ा दिया है कि मनुष्य स्वयं को सिर्फ़ उपभोक्ता और श्रमिक की भूमिका में सीमित कर बैठा है। तेज़ी से बदलते दौर और उपभोक्तावादी संस्कृति के बढ़ते प्रभाव ने आम आदमी को पूंजी के खेल का शिकार बना दिया है। बाज़ार की ताक़तें अब सिर्फ़ वस्तुएँ ही नहीं बेचतीं, बल्कि इंसान की सोच, उसकी ज़रूरतें और जीवन शैली तक को नियंत्रित कर रही हैं। पूंजी का सबसे बड़ा खेल यह है कि यह मनुष्य की ज़रूरतों को इच्छाओं में और इच्छाओं को लालसाओं में बदल देती है। विज्ञापन, मार्केटिंग और ग्लोबल ब्रांडिंग की दुनिया ने उपभोक्ता के दिमाग़ को इस तरह से घेर लिया है कि उसे वही चाहिए जो पूंजीवादी व्यवस्था उसे दिखाती है। वह यह भूल जाता है कि वास्तव में उसकी आवश्यकताएँ क्या हैं और झूठी आकांक्षाएँ क्या हैं। पूंजीपति वर्ग के मुनाफ़े की भूख ने श्रमिक को सिर्फ़ उत्पादन का साधन बना दिया है। लंबे घंटे काम, न्यूनतम वेतन, असुरक्षित नौकरियाँ और निरंतर प्रदर्शन का दबाव–ये सब श्रमिक के जीवन को असुरक्षित बना रहे हैं। तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता इस्तेमाल भी अब मानव श्रम को अप्रासंगिक बनाने की ओर बढ़ रहा है, जिससे बेरोज़गारी और असमानता और गहराएगी। पूंजी का खेल सिर्फ़ आर्थिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी इंसान को जकड़ता है। लोग रिश्तों और सामाजिक मूल्यों से अधिक धन और वस्तुओं को महत्व देने लगे हैं। प्रतिस्पर्धा, तुलना और दिखावे की दौड़ ने इंसान को भीतर से खोखला बना दिया है।

मानसिक तनाव, अवसाद और असंतोष जैसे रोग समाज में बढ़ते जा रहे हैं, क्योंकि व्यक्ति हमेशा और अधिक पाने की दौड़ में उलझा रहता है। पूंजी का खेल, अगर नियंत्रित न किया जाए, तो इंसान को उसकी असली पहचान–एक संवेदनशील और सामाजिक प्राणी–से दूर कर केवल एक उपभोक्ता और उत्पादक में बदल देगा। इसलिए ज़रूरी है कि विकास और प्रगति का रास्ता पूंजी के लालच से नहीं, बल्कि मानवता के मूल्यों से तय किया जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि पूंजीवादी व्यवस्था ने इंसान की मूलभूत आवश्यकताओं को इच्छाओं और इच्छाओं को लालसाओं में बदल दिया है। विज्ञापन और मार्केटिंग की चकाचौंध में फँसकर उपभोक्ता अपनी वास्तविक ज़रूरतों को भूलकर केवल दिखावे की वस्तुओं के पीछे भाग रहा है। इधर श्रमिक वर्ग पर भी इसका गहरा असर देखा जा रहा है। कंपनियों और उद्योगों में कर्मचारियों से अधिक काम लिया जा रहा है लेकिन उन्हें उचित सुरक्षा और स्थायी रोजगार की गारंटी नहीं मिल रही। तकनीकीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग ने लाखों नौकरियों पर संकट खड़ा कर दिया है।सामाजिक विश्लेषकों का मानना है कि पूंजी का यह खेल न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ा रहा है, बल्कि मानसिक तनाव और अवसाद जैसी समस्याएँ भी तेज़ी से समाज में बढ़ रही हैं। रिश्तों और मानवीय मूल्यों की जगह अब धन और उपभोग ने ले ली है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि पूंजी के इस बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक न्याय आधारित नीतियों की आवश्यकता है। विकास का मॉडल ऐसा होना चाहिए जिसमें लाभ से अधिक मनुष्य और उसकी संवेदनाएँ केंद्र में हों। पूंजी के खेल से बचने के लिए ज़रूरी है कि मनुष्य अपने भीतर संतोष, आत्मचिंतन और विवेक को स्थान दे। समाज में समानता, सहयोग और न्याय की भावना को बढ़ावा मिले।

शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से उपभोक्तावादी प्रवृत्ति को नियंत्रित किया जा सकता है। आर्थिक विकास का मॉडल ऐसा हो, जिसमें मनुष्य केंद्र में हो,

---

जवाहर कला केन्द्र में रंगायन का मंच बना वृंदावन !

# भ्रमर गीत में श्रीकृष्ण की लीला ने मोहा मन, गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

जवाहर कला केन्द्र (जेकेके) की ओर से आयोजित मधुरम महोत्सव का बुधवार को नृत्य नाटिका भ्रमर गीत की मनोरम प्रस्तुति के साथ समापन हुआ। गायन, नृत्य और रंगमंच के अंगों को समाहित करते हुए नित्य रास और लीला की संयुक्त प्रस्तुति भ्रमर गीत में श्रीकृष्ण और गोपियों के प्रेम, प्रभु की लीला और मुरली मनोहर की मनमोहिनी छवि का सजीव चित्रण किया गया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के कलाकारों ने यह प्रस्तुति दी। इस दौरान जेकेके कि वरिष्ठ लेखाधिकारी बिंदु भोभरिया,उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, अकादमी के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना व बड़ी संख्या में कला प्रेमी मौजूद रहे। ब्रज भाषा के प्रमुख संत कवि अष्ट सखा



ने श्रीकृष्ण पर प्रमुख साहित्य का लेखन किया है। इनमें से ही एक कवि सूरदास इन्हीं के साथ ब्रज भाषा के आधुनिक कवि छैल बिहारी छैल ने भ्रमर गीत लिखा है। दोनों की रचनाओं को सामहित करते हुए इस प्रस्तुति की परिकल्पना एवं निर्देशन प्रो. दिनेश खन्ना ने की। रंगायन का मंच श्रीकृष्ण के रंग में रंगे वृंदावन में तब्दील हो जाता है। नित्य रास जिसमें गोपियों की ओर से राधा कृष्ण को नृत्य के लिए आमंत्रित किया जाता है, इसके बाद युगल जोड़ी के नृत्य के साथ प्रस्तुति की शुरुआत होती है। प्रस्तुति का द्वितीय भाग जिसमें श्रीकृष्ण के मथुरा लौटने के बाद उनकी प्रतीक्षा कर रही गोपियों, प्रभु के पार्षद उद्धव का संदेश लाना और इसी बीच भ्रमर और गोपियों के संवाद के साथ प्रस्तुति आगे बढ़ती है। इस भाग में गीत, संगीत व संवाद का सुंदर संयोजन देखने को मिला। ऊधौ ब्रज जाय के सिराओ मात पित हिय, जिनके हृदय जरै बिरह अगन है। भोरी-भारी ब्रज नारी मानैं सर्वस्व मोय, त्याग दिये पति पूत पित बन्धुजन है। प्रॉनन सों प्रानप्रिय प्राँनन को प्यारौ मानें, लावें नहिं ध्यान काऊ और को न मन है। छैल समझाऔ जाय सुनाय संदेश मेरौ, जासौं मुक्त होय सिग जिय की जरन है। श्रीकृष्ण अपने पार्षद के हाथों अपना संदेश देकर उनकी प्रतीक्षा कर रहीं गोपियों के पास भेजते हैं कि वे प्रतीक्षा ना करे। श्रीकृष्ण की विरह अग्नि में जल रही गोपियों के मन में वे पल बार बार साकार होते हैं जो उन्होंने प्रभु के साथ बिताए हैं। उद्धव उन्हें समझाते है लेकिन गोपियों के निच्छल प्रेम के आगे उनका ज्ञान परास्त हो जाता है। इसी बीच एक भ्रमर (भौंरा) वहां आता है, गोपियां उससे कहती है कि तुम भी श्याम वर्ण हो और स्वाभाव में श्रीकृष्ण के समान हो शायद तुम्हें उन्हीं ने भेजा है तुम श्याम से हमसे मिलने को कहो, इसी बीच श्रीकृष्ण भी गोपियों के स्वप्न में आते हैं। उद्धव भी वृंदावन में बसने का मन बना लेते हैं और इसी चर्चा के साथ नृत्य नाटिका का भावना भरा समापन होता है। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने बताया कि अकादमी का उद्देश्य ब्रज की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य से जन जन के मन में समाए श्रीकृष्ण की लीला को लोकप्रीय तरीके से मंचित करने की योजना बनायी गयी। चार महीने की लगातार रिहर्सल के बाद कलाकारों ने यह प्रस्तुति दी। भ्रमर गीत का पहला मंचन मथुरा में हुआ, राजस्थान में इसका पहला मंचन रहा। प्रस्तुति में शामिल महिला कलाकारों का अभिनय का पहला अनुभव रहा फिर भी उन्होंने अपने अभिनय से इसमें जान डाल दी।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### भक्तिभाव से मनाई बच्छ बारस, महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा कर अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना की



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

भाद्रपद कृष्ण द्वादशी बुधवार को गौवत्सा द्वादशी (बच्छ बारस) के रूप में मनाई गई। महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा कर अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना की। गाय के खुरों में थोड़ा सा पानी डालकर चुनरी ओढ़ाई। सींग के मोली बांधकर रात भर भीगे मूंग-मोठ-चना और मक्का की रोटी खिलाई। बछड़े वाली गाय की पूजा कर कथा सुनी। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत की कथा सुनी। गाय के पूंछ को सिर पर लगाकर महिलाओं ने गाय और बछड़े की परिक्रमा करते हुए पुत्र के लिए मंगल कामना की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभिन्न गौशालाओं में जाकर बछड़े वाली गाय का पूजन किया।

**'गेहूं की चपाती से किया परहेज'** घरों में महिलाओं ने गेहूं की जगह मक्का, चना, मूंग और मोठ खाने में काम लिया। घरों में सब्जी चाकू से काटे बिना ही बनाई गई। या फिर ऐसी सब्जी बनाई गई जिसे काटने की नौबत ही नहीं आई। महिलाओं ने दिनभर चाकू से कटे फल का त्याग किया।

### श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का 59वॉ पाटोत्सव संपन्न



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

पानीपेच स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का 59 वां पाटोंत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मीडिया प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि भगवान भोलेनाथ सहित सभी विग्रहों का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। बाबा भोलेनाथ की रंगीन बर्फो से झांकी सजाई गई। हजारों लोगों ने मनोरम झांकी के दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर हरीश शर्मा, विनोद अग्रवाल, अनुपम शाह, नरेश सिंघल, सुरेश अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश चौधरी, श्याम यादव, उपाध्यक्ष राधा कृष्ण मांडल, संजय शर्मा, विष्णु बियानी, महेश सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिति की ओर से सभी का सम्मान किया गया।

### संत श्री अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा के 108 बार सामूहिक पाठ संपन्न



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में 4 अक्टूबर जयसिंहपुरा रोड भांकरोटा स्थित द हेरिटेज रिसॉर्ट में संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा का 108 बार सामूहिक पाठ किया जाएगा। महाआरती के बाद प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन स्थल पर आयोजित बैठक में भागचंद वर्मा, महेश गुप्ता, आशीष गौतम ,बिरदीचंद कुमावत, राधेश्याम बैराठी, रामावतार छीपा, योगेन्द्र नीखरा , मुकेश कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अमरनाथ महाराज ने बताया कि जो भी भक्त पाठ करना चाहते हैं वह अपना निशुल्क रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं। रजिस्ट्रेशन के लिए पहचान पत्र अनिवार्य है। पाठ करने वालें भक्तों को काउंटिंग मशीन, हनुमान चालीसा पुस्तिका भेंट की जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश केवल निःशुल्क पास से होगा।

---

# एसओजी की कार्रवाई: परीक्षाओं में धांधली करने वाले पटवारी,पीटीआई और ग्राम सेवक गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बुधवार को थर्ड ग्रेड,पटवारी और पीटीआई भर्ती परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट समेत अन्य तरीके से धांधली करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि अध्यापक थर्ड ग्रेड भर्ती परीक्षा 2023 में आरोपित डमी केंडिडेट राकेश कुमार बिश्नोई निवासी रणजीतपुर बज्जू बीकानेर हाल ग्राम सेवक पंचायत समिति बौली सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है।

इस ने मूल अभ्यर्थी अरविन्द कुमार की जगह परीक्षा दी थी। अरविन्द पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस संबंध में सांगानेर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं इसी तरह पटवारी भर्ती परीक्षा 2021 में मूल अभ्यर्थी सागर मीणा को गिरफ्तार



किया गया है।

सागर नांगल बरसी सदर दौसा का रहने वाला है और हाल में देवला की डांग नसीराबाद अजमेर में पटवारी है। एसओजी पूर्व में इसकी जगह डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने वाले रोशन लाल मीणा को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा एसओजी ने पीटीआई भर्ती परीक्षा 2022 में मुल्जिम सौरव कलाल निवासी कलालवाड़ा भुगडा बांसवाड़ा को गिरफ्तार किया है। हाल में यह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसवाड़ा में पीटीआई है। इस संबंध में एसओजी पूर्व में प्रदीप शर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है। प्रदीप के मार्फत जेएस यूनिवर्सिटी से बैक डेट में बीपीएड की फर्जी डिग्री प्राप्त की थी।

---

### घंटों की मशक्कत के बाद भी कोई भी संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला

## फिर दो स्कूलों को मिला बम से उड़ाने का धमकी भरा ई—मेल, दोनों स्कूलों में बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वायर्ड की टीम ने किया सर्च

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

राजधानी जयपुर के प्रतिष्ठित द पैलेस स्कूल और एसएमएस को बुधवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी एक ईमेल के जरिए भेजी गई है, जिसने न सिर्फ स्कूल प्रशासन, बल्कि पूरे शहर के लोगों को दहशत में डाल दिया है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब इस स्कूल को निशाना बनाया गया है। इसी साल जून और जुलाई में भी इसी तरह की धमकियां आ चुकी हैं। हालांकि हर बार यह सिर्फ अफवाह साबित होती है।

**'दोनों स्कूलों रात मेल कर दी गई थी धमकी'** पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि द पैलेस स्कूल और एसएमएस को मंगलवार देर रात को मेल कर धमकी दी गई थी। जब स्कूल स्टाफ ने सुबह मेल देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों स्कूलों में बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वायड की टीम सर्च करने पहुंची। लेकिन कुछ नहीं मिला। वहीं बच्चों को वापस घर भेज दिया गया था। टीम स्कूलों की हर जगह और क्लास रूम के चप्पे-चप्पे पर छानबीन की।

**'1.45 बजे तक सभी बच्चों को बाहर निकाल लो'** पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि माणक चौक थाना इलाके में स्थित द पैलेस स्कूल को मेल किया गया था कि द पैलेस स्कूल के कक्षा 4-7 के क्लासरूम और टॉयलेट में 2 टीएनटी आईईडी विस्फोट होने वाला हैं। 1.45 बजे तक सभी बच्चों को बाहर निकाल लो।गौरतलब है कि द पैलेस स्कूल को तीन महीने में तीसरी बार धमकी मिली है।

**'एसएमएस स्कूल की एक-एक क्लासरूम की ली तलाशी'** वहीं एसएमएस स्कूल को भी मेल आया था, जिसका बुधवार सुबह पता चला। पता लगने पर स्कूल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। बिना देर किए पूरे स्कूल को खाली कराया गया और बच्चों को सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया।

स्कूल परिसर में बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वायर्ड टीमों ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद भी कोई भी संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि साइबर टीम मेल के बारे में जानकारी जुटा रही है। मेल किस आईपी एड्रेस से लिखा गया है, इस पर काम किया जा रहा हैं। इसके अलावा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और साइबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले शख्स की तलाश कर रही है।

---

## गणेश जी चतुर्थी महोत्सव:मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सजी सवा लाख मोदकों की झांकी



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

एक पखवाड़े तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मना कर अब छोटीकाशी प्रथम पूज्य गणपति का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाएगी। गणेश मंदिरों में इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी 27 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके चलते मोती डूंगरी गणेश मंदिर में बुधवार से नौ दिवसीय के कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। जन्मोत्सव के पहले बुधवार को सवा लाख मोदकों की झांकी सजाई गई। इस झांकी का मुख्य आकर्षण 251-251 किलो के दो बड़े मोदक रहे।इनके साथ ही 51 किलो के 5 मोदक, 21 किलो के 21 मोदक और 1.25 किलो के 1100 मोदक भी भगवान को भोग लगाए गए। हजारों छोटे मोदकों से भी श्रृंगार कर प्रथम पूज्य को विशेष भोग लगाया गया। साथ ही भगवान गणेश को माणक-पन्ना जड़ित विशेष मुकुट धारण कराया गया। दर्शनों के लिए भक्तों की सुबह 5 बजे से ही भीड़ लग गई थी। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मोदकों को तैयार करने में 14 हजार 600 किलो सामग्री का उपयोग किया गया। इसमें 2 हजार 500 किलो घी, 3 हजार किलो बेसन, 9 हजार किलो शक्कर और 100 किलो मेवा शामिल रहा। झांकी में सजाए गए मोदकों को भक्तों के लिए प्रसाद स्वरूप निशुल्क वितरित किया गया। मोदक भगवान गणेश का प्रियतम भोग माना जाता है। यही वजह रही कि भक्तों ने प्रसाद स्वरूप मिले मोदकों को भगवान का आशीर्वाद मानकर ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

---

# नगर निगम हेरिटेज में बीजेपी चेयरमैन और पार्षदों ने अपनी पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

- वार्ड में कार्य और सरकारी जमीन पर पट्टे जारी करने का लगाया आरोप
- अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे बीजेपी पार्षद

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

नगर निगम हेरिटेज में बुधवार को अपनी पार्टी के खिलाफ बीजेपी चेयरमैन और पार्षदों ने भ्रष्टचार का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया। 20 से ज्यादा बीजेपी पार्षदों ने मेयर और कमिश्नर पर करोड़ों की सरकारी जमीन पर पट्टे देने का आरोप लगाया और मुख्यालय भवन में अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया। धरने में भाजपा पार्षदों ने नगर निगम हेरिटेज को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए मेयर और कमिश्नर की सद्बुद्धि को लेकर संकीर्तन किया। धरने के दौरान बीजेपी पार्षद सुभाष व्यास ने बताया कि मौजूदा बोर्ड में 100 करोड़ रुपए की बस्ती सीतारामपुरा की सरकारी जमीन पर गलत पट्टे जारी कर बड़ा घोटाला



हुआ है। इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाही कर जारी पट्टों को निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि नगर निगम के पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने साधारण सभा की बैठक में सभी पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। वार्डों के विकास कार्य भी सैंक्शन हो गए थे। निवर्तमान कमिश्नर निधि पटेल ने हमारे वार्डों के विकास कार्यों को रोक दिया है। वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए जो कर्मचारी प्रत्येक पार्षद को दिए गए थे, उन्हें भी हटा दिया गया है। इस वजह से वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के 20 से ज्यादा पार्षद नगर निगम मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। पार्षदों ने कहा- जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। तब तक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। पार्षदों ने भूख हड़ताल की भी चेतावनी दी।

**'चेयरमैन ने लगाया फर्जी पट्टे जारी करने का आरोप'** बीजेपी चेयरमैन उत्तम शर्मा ने आरोप लगाया कि नगर निगम में एक और जहां वार्डों के विकास कार्य रुक चुके हैं। वहीं खुलेआम जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सिविल लाइन जोन में करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन के फर्जी पट्टे जारी किए गए हैं, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस मामले में जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। धरने पर चेयरमैन सुरेश नवरिया के साथ उत्तम शर्मा, माणक शर्मा, संतोष कंवर, महेंद्र पहाड़ियां, हेमेंद्र शर्मा, बबीता तंवर, मनोज दुग्गल, अंशुल शर्मा, ज्योति चौहान, विक्रम सिंह, रवि सैनी, (पार्षद) सुभाष व्यास, राजेश कुमावत, मंजू राकेश बागड़ा, विमल अग्रवाल, सुनील दत्ता, श्याम सुंदर सैनी और राहुल शर्मा मौजूद

---

# फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाली गैंग गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है, लेकिन गिरोह मुख्य सरगना दीपक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस जांच में पता चला है कि ये बदमाश गूगल सर्च पर अपने विज्ञापन दिखाने के लिए गूगल ऐड का इस्तेमाल करते थे। जैसे ही कोई ग्राहक गूगल से मिले नंबरों पर संपर्क करता था, वे उससे होटल की बुकिंग कन्फर्म करने के लिए कहते और कुछ राशि एडवांस के तौर पर ले लेते थे। गिरोह के सदस्य ग्राहक के बताए अनुसार होटल के आसपास पहुंचकर उसे होटल से बाहर बुलाते थे। फिर वे ग्राहक को गाड़ी में बैठाकर उसका फोन छीन लेते और उसके रिश्तेदारों व परिवार के सदस्यों को अनैतिक कार्य करने से संबंधित चैट भेजने का डर



दिखाकर पैसे लूट लेते थे।उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह के आरोपित ओमप्रकाश उर्फ राजू पूनिया मूलतः दयालपुरा दूदू हाल कृष्णा विहार मानसरोवर, मनीष चौधरी उर्फ डुग्गा पवालिया मुहाना, भागचंद गुर्जर अखैपुरा मौजमाबाद, महिला सन्नी देवी आसलपुर जोबनेर को गिरफ्तार किया है। इस गैंग ने जयपुर शहर में और भी वारदात करना कबूल किया हैं। इस गैंग का मुख्य सरगना दीपक अभी फरार है जिस की तलाश की जा रही हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपित गूगल ऐड का उपयोग कर अपनी वेबसाइट टॉप पर दिखाते थे। जैसे ही कोई ग्राहक कॉल करता, उससे एडवांस राशि ले ली जाती। पहला तरीकाः एडवांस लेने के बाद कोई सर्विस नहीं दी

---

### ई-रिक्शा से स्टंट कर सोशल मीडिया पर पुलिस को दे रहा था खुला चैलेंज, पुलिस ने आरोपित फरदीन कुरैशी को किया गिरफ्तार




■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने थाना विद्याधर नगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर सोशल मीडिया पर ई-रिक्शा से खतरनाक स्टंट करने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। और साथ ही ई-रिक्शा भी जब्त किया गया है।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मनीष अग्रवाल ने बताया कि सीएसटी ने थाना विद्याधर नगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर सोशल मीडिया पर ई-रिक्शा से खतरनाक स्टंट करने वाले ई-रिक्शा चालक फरदीन कुरैशी निवासी बिलाल मस्जिद के पास आरके होटल भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया है। जो ई–रिक्शा चलाता है। आरोपित फरदीन लगातार स्टंट के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहा था और पुलिस को खुली चुनौती दे रहा था। स्टंटबाजी के दौरान वह आमजन की जान को खतरे में डाल रहा था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से स्टंट करने में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसका मकसद सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाना था। पुलिस ने बताया कि फरदीन पहले भी कई बार इसी तरह के स्टंट वीडियो अपलोड कर चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ एवं अनुसंधान

श्री गोविंदम धाम महिला मंडल ने नंदोत्सव मनाया

# नंदोत्सव मे बधाई गान उछाल का हुआ आयोजन



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

श्री गोविंद देव जी की कृपा से श्री गोविंदम धाम महिला मंडल के तत्वावधान में बद्रीनाथ जी का मंदिर खजाने वालों के रास्ते में नंदोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया । पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत रामरज दास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया । भगवान का फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर मिष्ठानो का भोग लगाया । बड़ी संख्या में बाल गोपाल के द्वारा स्वरूप झांकी का मंचन हुआ । कीर्तन स्थल को फ्लेक्स बैनर गुब्बारो से सजाया । महिला मंडल पक नंदोत्सव मे बधाई गान उछाल का आयोजन किया । जिसमे कपड़े खिलौने सूखे मेवे की जमकर उछाल हुई । कीर्तन स्थल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंज उठा । जन्मोत्सव में भक्तों ने ठाकुर जी के समक्ष नाच कर अपनी हाजरी लगाई । नंदोत्सव में पधारे । विधायक प्रत्याशी चन्द्र मोहन बटवाडा, समाज सेवी राजन शर्मा , जांगिड़ ब्राह्मण पंचायत बडाबास के संरक्षक नन्द कुमार, अध्यक्ष तारा चन्द, मोनू शर्मा ने आयोजन में शिरकत की। आयोजक सुधा शर्मा, गीता खण्डेलवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित

# बंद कार में मिली दो भाइयों की लाश:परिजनों ने जताई बच्चों की हत्या की आशंका

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

गलता गेट थाना इलाके में बंद कार में दो भाइयों लाश मिलने का मामला सामने आया है। दोनों नाबालिग घर के पास खेलते हुए अचानक गायब हो गए थे। परिवार ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। एक बच्चे के नाक और कान से खून बहा था। ऐसे में मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश फैल गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि महवा (दौसा) हाल गलता गेट के नागतलाई के रहने वाले शहजाद के बेटे अनस (8), अहसान (5) मंगलवार रात को घर के पास खेल रहे थे। इसके कुछ देर बाद दोनों गायब हो गए थे। परिजनों ने उन्हें काफी देर तक तलाश किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों घर के पास खड़ी एक गाड़ी में बेसुध मिले। एक बच्चे के शरीर पर खून के निशान भी थे। पुलिस ने दोनों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि महवा (दौसा) हाल गलता गेट के नागतलाई के रहने वाले शहजाद के बेटे अनस (8), अहसान (5) मंगलवार रात को घर के पास खेल रहे थे। इसके कुछ देर बाद दोनों गायब हो गए थे।



परिजनों ने उन्हें काफी देर तक तलाश किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों घर के पास खड़ी एक गाड़ी में बेसुध मिले। एक बच्चे के शरीर पर खून के निशान भी थे। पुलिस ने दोनों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मासूमों की मौत की जानकारी मिलते ही एसएमएस हॉस्पिटल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय विधायक रफीक खान भी मौके पर पहुंचे। मौत से गुस्साए लोगों ने देर रात तक काफी हंगामा भी किया। इसके बाद पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद हंगामा शांत हुआ।

**'दम घुटने से मौत का अंदेशा'** रामगंज सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर शर्मा ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि मासूम खेलते-खेलते गाड़ी में घुस गए और ऑटो लॉक हो जाने से अंदर फंस गए। इसके बाद दम घुटने से मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शव पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फिलहाल दोनों शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा. इसके बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर फिंगरप्रिंट की भी तस्दीक की गई। घटना में स्पष्ट रूप से जांच के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।

**'इलाके में गम और गुस्सा'** घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक रफीक खान मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। बड़ी संख्या में लोग एसएमएस अस्पताल और नागतलाई इलाके में एकत्र हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। बड़ी संख्या में लोग एसएमएस अस्पताल और नागतलाई इलाके में एकत्र हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों की शंका को देखते पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है। वहीं जिस गाड़ी में बच्चे मृत मिले हैं, वह कॉलोनी के ही एक व्यक्ति की है। पुलिस ने शक के आधार पर कई लोगों से पूछताछ भी की है।

## चिटफंड कंपनी खोल लोगों से धोखाधड़ी करने वाला पन्द्रह साल बाद आया पुलिस गिरफ्त में



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने बजाज नगर थाने में दर्ज पन्द्रह साल पुराने मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित चिटफंड कम्पनी के खिलाफ दर्ज मामले में आरोपित था जो वर्ष 2011 से फरार चल रहा था। आरोपित के बारे में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित एयरपोर्ट थाना सर्किल में रुका हुआ है। जिस पर डीएसटी पूर्व की टीम ने दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि वर्ष 2011 में बजाज नगर थाने में चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों से धोखाधड़ी कर पैसा लेने का मामला दर्ज हुआ था। जिसकी जांच में प्रमाणित हो गया था कि आरोपित विजेन्द्र सिंह निवासी उदयपुरवाटी ने धोखाधड़ी की है। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपित का पीछा किया लेकिन आरोपी बार-बार लोकेशन बदल कर पुलिस से बच रहा था। आरोपित के खिलाफ जब पुलिस टीम द्वारा जांच की गई तो पता चला कि पूरे राजस्थान में आरोपित विजेन्द्र सिंह के खिलाफ 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिस पर पुलिस को आरोपित की लोकेशन एयरपोर्ट सर्किल के पास मिली। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जुटी है।

## मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 5 ग्राम 50 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले अशरफ कुरैशी (38) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास 5 ग्राम 50 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद–फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला आज

### साइबर फ्रॉड की रोकथाम और आधुनिक साइबर चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विशेषज्ञ देंगे मार्गदर्शन

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

बजाज फाइनेंस एवं सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (सीडीटीआई), जयपुर के संयुक्त सौजन्य से साइबर अपराध जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला सीडीटीआई परिसर जयपुर में आयोजित होगी। कार्यक्रम में डीआईजीपी प्रदीप मोहन शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर निदेशक अमनदीप सिंह कपूर, आईजीपी लक्ष्मण गौड़, हेड-बजाज फाइनेंस सरताज ग्रोवर, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक-बजाज आबिद खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर सैनी और नरेंद्र मोहन शर्मा तथा पुलिस निरीक्षक महेश चंद शर्मा उपस्थित रहेंगे।कार्यशाला में साइबर फ्रॉड की रोकथाम,सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार, बैंकिंग सुरक्षा उपाय एवं आधुनिक साइबर चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं पुलिस अधिकारी भाग लेंगे। निदेशक सीडीटीआई डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि जन जागरूकता का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस तरह की कार्यशालाएं युवाओं और आमजन को सतर्क बनाकर सुरक्षित डिजिटल समाज की

## निकाय-पंचायत चुनावों को लेकर आरएलडी में मंथन तेज़

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

आगामी पंचायत एवं निकाय चुनावों को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना की अध्यक्षता में बुधवार को जयपुर श्याम नगर स्थित प्रदेश कार्यालय पर अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों से चुनावी रणनीति को लेकर विशेष चर्चा की गई।

सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी अभियान का शुभारंभ, जयपुर पुलिस की ऐतिहासिक पहल

# डीजीपी राजीव कुमार शर्मा बोले "महिला सुरक्षा सात दिन का नहीं, बल्कि जीवनभर का संकल्प'

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

जयपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा और प्रभावशाली अभियान शुरू किया है। इस अभियान का नाम ''सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी'' है, जिसका उद्घाटन पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के पृथ्वीराज चौहान सभागार में किया। यह अभियान 26 अगस्त तक महिला सुरक्षा सप्ताह के रूप में चलेगा, लेकिन इसका संकल्प स्थायी है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सुरक्षा सिर्फ सात दिनों का नहीं, बल्कि हमेशा का ही संकल्प है। उन्होंने महिलाओं को शक्ति, सहनशीलता और साहस का प्रतीक बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल सामूहिक प्रयासों और महिला शक्ति के साथ-साथ नौजवानों, आमजन एवं समुदाय के सहयोग से ही वास्तविक बदलाव संभव है। पुलिस महानिदेशक ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में महिला सुरक्षा सबसे ऊपर है और कालिका पेट्रोलिंग, एंटी-रोमियो और निर्भया स्क्काड जैसी पहलों ने पहले ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने जयपुर को देश का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर बताते हुए, इसे विश्व का सबसे सुरक्षित शहर बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने पुरुषों से भी इस बदलाव का हिस्सा बनने का



आह्वान किया और कहा कि असली ताकत महिलाओं को सम्मान देने से आती है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि पुलिस जनता से मिलने वाले फीडबैक और शिकायतों पर गंभीरता से काम करेगी ताकि जयपुर एक मिसाल बन सके।

इस कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने अतिथियों का स्वागत किया और अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस पहल का मकसद केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजस्थान पुलिस द्वार जयपुर शहर में कानून व्यवस्था कायम व अपराध नियन्त्रण करने हेतु हमेशा प्रयासरत् है। वर्ष 2024, 2025 में अपराधों में काफी गिरावट हुयी है। उन्होंने बताया कि बालिका एवं महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में ''सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी'' अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें उन्हें अधिकारों व कानूनों के बारे में जानकारी दी जायेगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लता मनोज कुमार ने बताया कि महिला सुरक्षा के प्रति जयपुर पुलिस, राजस्थान पुलिस निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। इन प्रयासों से हम सबकी भागीदारी से जयपुर शहर देश में द्वितीय नम्बर पर सबसे सुरक्षित शहर है। जयपुर पुलिस, राजस्थान पुलिस, हमारी प्रत्येक महिला पुलिसकर्मी ''सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी'' अभियान की एडवायजर बनें। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा ने ''सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी'' अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि इस अभियान के तहत कई नई और महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा को हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगी। इस अभियान में अगले सात दिनों महिला पुलिस अधिकारी शहर के विभिन्न जगहों पर जाकर अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां संचालित करेंगी

**'वॉक एंड टॉक'** महिला पुलिस अधिकारी हर गली और मोहल्ले में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगी और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगी।

**'जागरूकता शिविर'** स्कूल, कॉलेज और औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे ताकि महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी जा सके। जागरूकता से संबंधित लघु फिल्म, नुक्कड नाटक दिखाया जायेगा।

**'महिला सुरक्षा वॉरियर्स'**आम महिलाओं को भी पुलिस के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे अपने और दूसरों की सुरक्षा में मददगार बन सकें। चरित्र सत्यापन- ऑटो, मिनी बस और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लोगों का चरित्र सत्यापन किया जाएगा। यह कदम सार्वजनिक परिवहन और डिलीवरी सेवाओं को महिलाओं के लिए और अधिक सुरक्षित बनाएगा।

**'आउटरीच प्रोग्रम'** स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से संवेदनशील क्षेत्रों में महिला एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए आमजन में जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस अभियान में सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, विभिन्न

## राज्य चुनाव आयोग से मिला आरएलडी का प्रतिनिधिमंडल, पंचायत-निकाय चुनावों में हैंड पंप चिन्ह की मांग



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना के नेतृत्व में आज पार्टी का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल राज्य चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता और राज्य चुनाव आयोग की सचिव नलिनी कठोतिया से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों में पार्टी को चुनाव चिन्ह हैंड पंप आवंटित करने की औपचारिक मांग रखी।

प्रदेश अध्यक्ष अवाना ने आयोग के समक्ष कहा कि पंचायत और निकाय स्तर पर आरएलडी की मजबूत पकड़ है। वहीं कार्यकर्ताओं और आमजन में पार्टी का हैंड पंप चिन्ह पहचान के रूप में स्थापित है । लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पार्टी की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के सिंबल की आवश्यकता है ।

**'आयोग से मिला सकारात्मक जवाब'** राज्य चुनाव आयुक्त और सचिव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए भरोसा दिलाया कि मामले पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

**'प्रतिनिधिमंडल में रहे ये वरिष्ठ नेता'** इस दौरान अवाना के साथ प्रदेश स्तर और जिलों से जुड़े कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष - देवी सिंह दोसा, हरवीर सिंह सामरा, पी.एल. भूकर, रामप्रसाद चौधरी, बछराज गुर्जर ,महासचिव राजपाल चौधरी,अशोक बंजारा, सुमन सिंह,सचिव नरेश जाटव, योगेश शर्मा, सुनीता,जिला अध्यक्ष - संतोष फौजदार,युवा नेता - सुरजीत चौधरी, अजय फौजदार सहित कई वरिष्ठ आरएलडी कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे । आयोग से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद अध्यक्ष अवाना ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले चुनावों को जनता की आवाज़ और किसानों की ताकत बनाने के लिए अभी से जुट जाएं।

## राजस्व पटवारी 95 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की श्रीगंगानगर-प्रथम टीम ने कार्रवाई करते हुए 6वी धनूर तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर के राजस्व पटवारी पँखीलाल मीणा को 95 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

यह रिश्वत राशि परिवादी से उसके स्वयं एवं पत्नी के नाम की कृषि भूमि पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 में मूंग की फसल के कराये गये फसल बीमा का फसल खराब होने पर प्राप्त क्लेम राशि करीब 2.28 लाख रुपये का करीबन 40 प्रतिशत रूपये की बतौर रिश्वत में मांगी गई थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी की श्रीगंगानगर-प्रथम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके स्वयं एवं पत्नी के नाम की कृषि भूमि पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 में मूंग की फसल के कराये गये फसल बीमा का फसल खराब होने पर दोनों के खातो में क्लेम राशि कुल करीब 2.28 लाख रुपये जमा हुए है। उक्त फसल खराबे की कॉप कटिंग राजस्व पटवारी पँखीलाल मीणा ने की थी।

उसको उक्त क्लेम राशि खाते में जमा होने की जानकारी मिलने पर परिवादी को यह कहना कि यह बीमा क्लेम उसके द्वारा मदद करने पर मिला है। इसलिये उसे खाता में जमा क्लेम की राशि का 50 प्रतिशत हिस्सा खर्चे पानी के दो कहकर रिश्वत की मांग कर रहा था । जिस पर एसीबी श्रीगंगानगर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए राजस्व पटवारी पँखीलाल मीणा को परिवादी से प्राप्त फसल बीमा क्लेम की राशि 2.28 लाख रुपये में से 95 हजार रुपये की बतौर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

## भगवान श्री गणेश का गुरु पुष्य नक्षत्र में होगा पंचामृत अभिषेक

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

राजधानी जयपुर में गुरु पुष्य नक्षत्र में गुरुवार को भगवान गणेश की विशेष आराधना की जाएगी। शहरभर के गणेश मंदिरों में गणपति का दूध और पंचामृत से अभिषेक सहित कई आयोजन होगे। श्रद्धालुओं द्वारा अष्टेत्तर शतनामावली पाठों से प्रथम पूज्य से सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। वहीं गुरुवार की सुबह से ही गणेश मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो देर रात तक चलेगा।

भगवान गणेश को पुष्य स्नान के साथ ही मोदक अर्पण का दौर चलेगा। इस विशेष अवसर पर शहर के गढ़ गणेश मंदिर, मोती डूंगरी गणेश मंदिर,नहर के गणेश जी,श्वेत सिद्धि विनायक मंदिर, ध्वजा धीश गणेश,दिल्ली रोड बंगाली बाबा गणेश मंदिर,आगरा रोड स्थित गंगोत्री गणेश मंदिर सहित



गणेश विभिन्न मंदिरों में पंचामृत अभिषेक व विशेष श्रृंगार सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगे।

**'चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर प्रथम पूज्य का 101 किलो दूध और पंचामृत से अभिषेक'** वहीं चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर जयपुर में गुरुवार की प्रातः 8-30 बजे गुरु पुष्य नक्षत्र अभिषेक पर चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में 101 किलो दूध व पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा इस कड़ी में सर्वप्रथम महंत पंडित अमित शर्मा के सानिध्य में गणेश जी महाराज का दूध दही शहद गंगाजल केवड़ा गुलाब जल व केसर जल से गणेश जी महाराज का अभिषेक किया जाएगा तत्पश्चात गणेश जी महाराज को सिंदूर का चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। वही गणेश जी महाराज को गणपति अथर्वशीर्ष व गणपति अष्टेत्तर नामावली से मोदक अर्पण कर भक्तों को गणेश जी व लक्ष्मी स्वरूप हल्दी की गांठ व सुपारी वितरित की जाएंगी। इस अवसर पर भक्तगण सामूहिक गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ कर गणेश जी महाराज को दूर्वा अर्पण की जाएंगी।

# अमानक खाद–बीज व दवाई से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से हो : किरोड़ी

- केंद्रीय कृषि मंत्री ने शिवराज व नड्डा से की कानूनी प्रावधान करने की मांग
- इस तरह की मांग उठाने वाले किरोड़ी किसी भी प्रदेश के पहले कृषि मंत्री

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अमानक खाद–बीज व दवाई के दुष्प्रभाव से किसानों को हुए ।

नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से करने का कानूनी प्रावधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि घटिया उत्पाद बनाने पर लाइसेंस निरस्त करने का नियम तो है। लेकिन यह प्रावधान नहीं है कि इससे उपयोग से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई भी कंपनियों से ही हो। अमानक उत्पादकों से किसानों का उत्पादन तो कम होता ही



है, जमीन की उर्वरता भी प्रभावित होती है। जब तक किसानों के इस दोहरे नुकसान की भरपाई कंपनियां नहीं करेगी तब तक इस ठगी पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगेगी।

किरोड़ी ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर अमानक खाद, बीज व पेस्टीसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग की थी, जिस पर वे मुहर लगा चुके हैं। किरोड़ी ने इस प्रस्तावित कानून में किसानों को होने वाले नुकसान का मुआवजा घटिया उत्पाद बनाने वाली कंपनियों से वसूलने का प्रावधान जोड़ने की मांग की है। इस तरह की मांग उठाने वाले किरोड़ी किसी भी प्रदेश के पहले कृषि मंत्री हैं। किरोड़ी ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री के संज्ञान में आया था कि सोयाबीन में नकली दवाई डालने से किसानों की फसल नष्ट हो गई। इसे बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया।

राजस्थान में भी केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अनुशंसा पर इस कंपनी का लाइसेंस रद्द किया गया है।

गौरतलब है कि राजस्थान में अमानक उत्पाद बनाकर किसानों को ठगने वाली कंपनियों के खिलाफ 29 मई से अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# 22 वी विशाल पदयात्रा में गणेश जी की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

भारत उदय संस्थान भांकरोटा की ओर से पिछले 21 वर्षों की भांति इस वर्ष बुधवार को ध्वज पूजा कर भांकरोटा गणेश जी मंदिर से मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर की 22वीं विशाल पदयात्रा रवाना हुई। जिसमें भगवान श्री गणेश जी का रथ सजाया गया और श्री गणेश जी की झांकी लगाई गई। पदयात्रा में भक्तगण भजन व हरि कीर्तन के साथ गणेश जी महाराज के जयकारों एवं बैंड बाजे के साथ नाचते गाते भांकरोटा गणेश जी मंदिर से रवाना हुए। संस्थान के अध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक सीताराम शर्मा नेहरू ने बताया कि यात्रा का जगह-जगह स्थानीय नागरिक, व्यापार मंडलों द्वारा स्वागत किया। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर आर तिवाडी ने यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों का माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। यात्रा की व्यवस्था समिति के उपाध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा



ने संभाली एवं समिति के महासचिव अमन शर्मा ध्वज लेकर चले। भारत उदय संस्थान भांकरोटा के अध्यक्ष एवं पदयात्रा संयोजक सीताराम शर्मा नेहरू ने बताया कि यात्रा में लगभग 2000 से 3000 भक्तगण शामिल हुए । जिसमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। यात्रा के दौरान कई जगह भक्तगणों द्वारा नाश्ता व चाय पानी की व्यवस्था पूर्व पार्षद राजू जिंजवाड, बाबूलाल शर्मा,रामधन टोडावता, दिने खंडेलवाल, राधेश्याम शर्मा, भगवान सहाय शर्मा, बाबूलाल चौधरी, अवधेश चौधरी द्वारा की गई। रामबाबू शर्मा (फोटोग्राफर) अशोक शर्मा (भजन कलाकार) प्रकाश शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, बाबूलाल चौधरी, रूप सिंह, ताराचंद शर्मा, कुंदन मीणा, राजेश जाजोरिया, डॉ श्रवण लाल शर्मा, गंगाराम शर्मा, डॉ नंदकिशोर दाधीच, रूपनारायण शर्मा, सत्यनारायण गुप्ता, नंदकिशोर शर्मा सहित हजारों पदयात्री शामिल हुए। यात्रा में लगभग 100 स्वयंसेवक व्यवस्था संभालते हुए

गोविंद सिंह डोटासरा ने राजीव गांधी की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

# राजस्थान कांग्रेस ने राजीव गांधी की जयंती पर किया पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

- राजीव गांधी की जयंती पर गोविंद सिंह डोटासरा ने साधा निशाना
- राजस्थान में कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की जयंती, गोविंद सिंह डोटासरा ने कही ये बातें
- राजीव गांधी की जयंती पर गोविंद सिंह डोटासरा का बयान, भाजपा पर साधा निशाना






■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गॉधी की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गॉधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हेंभावभीनी पुष्पांजलि दी। प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद प्रदेश की भाजपासरकार द्वारा चुनाव तिथियां घोषित नहीं किये जाने के विरोध में तथा पंचायती राज संस्थाओं एवं निकायों के चुनाव की तिथि घोषित करवाने की मांग को लेकर आज राजीव गॉधी पंचायती राज संगठन द्वारा स्वराज बचाओ रैली आयोजित की गई। रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस विधायक, विधायक प्रत्याशी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुये। इस अवसर पर उपस्थित मीडिया को सम्बोधित करते हुये प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि देश को 21वीं सदी में ले जाने के लिये कम्प्यूटर क्रांति लाकर भारत को विश्व के अग्रणी देशों की श्रेणी में पहुॅंचाने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गॉधी को जाता है, उनकी जयंती पर आज कृतज्ञ राष्ट्र भावभीनी श्रृद्धांजलि प्रदान कर रहा है।स्व. राजीव गॉधी के वीजन के कारण ही आज देश में आईटी की क्रांति आई है औरकम्प्यूटर व मोबाईल उन्हीं की देन है, 18 साल के नौजवान को वोट का अधिकार स्व. राजीव गॉधी ने दिया, नई एज्यूकेशन पॉलिसी लागू की, देश में नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव समय पर हो इसके लिये संविधान में 73वॉं व 74वॉं संशोधन कर प्रावधान किया। कि सभी नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव हर पॉंच वर्ष में करवाये जायें तथा स्थानीय सरकार में महिलाओं के आरक्षण का भी प्रावधान उन्होंने ही दिया और आज पूरा देश उनके इस वीजन का लाभ प्राप्त कर रहा है। भारत का मान-सम्मान विश्व में बढ़ाया और प्रगति के पथ पर देश को आगे ले जाने का उनका वीजन आज पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करता है। डोटासरा ने कहा कि दुर्भाग्य से आज देश की सत्ता में ऐसी ताकतें बैठी हैं जो संविधान को नहीं मानते, खुलेआम संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं, विपक्ष का अनादर करते हैं और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के द्वारा संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने का सबसे ज्वलंत उदाहरण यह है कि संविधान के 73वें व 74वें संशोधन के पश्चात् लोकसभा एवं विधानसभा की भांति पंचायती राज एवं स्थानीय निकायों के चुनाव हर पॉंच वर्ष में होना आवश्यक है, उसकी राजस्थान में अवेहलना करधज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न मंचों से भाजपा द्वारा संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन कर नगर निकाय व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव पॉंच का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात् भी नहीं करवाने के मुद्दे को उठाया और सरकार को आगाह किया था और अब माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा सरकार की खिंचाई की गई और विचार व्यक्त किये है।

आरजीएचएस योजना को सुदृढ़ करने के लिए दिशा–निर्देश जारी

# जिलों में सीएमएचओ संभालेंगे योजना के क्रियान्वयन का जिम्मा, मां योजना के नोडल अधिकारी आरजीएचएस के भी नोडल अधिकारी होंगे

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में योजना के संचालन एवं मॉनिटरिंग को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक बदलाव कर दिशा–निर्देश जारी किए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर आरजीएचएस के संचालन का जिम्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। इसी कड़ी में योजना के संचालन एवं मॉनिटरिंग को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक बदलाव कर दिशा–निर्देश जारी किए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर आरजीएचएस के संचालन का जिम्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने योजना के बेहतर संचालन, मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण की दृष्टि से विभागीय निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के अनुसार अब आरजीएचएस की सभी पत्रावलियां राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत की जाएंगी।

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी योजना के जिले में समग्र क्रियान्वयन, संचालन एवं मॉनिटरिंग के लिए उत्तरदायी होंगे। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नियुक्त जिला नोडल अधिकारी ही आरजीएचएस योजना के भी जिला नोडल अधिकारी होंगे।

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी योजना के जिले में समग्र क्रियान्वयन, संचालन एवं मॉनिटरिंग के लिए उत्तरदायी होंगे। वे योजना से सम्बन्धित समस्त दायित्व व भूमिका का निर्वहन करेंगे।

ये अधिकारी ही जिले में योजना से सम्बन्धित न्यायिक मामलों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगे। वे योजना से सम्बन्धित समस्त दायित्व व भूमिका का निर्वहन करेंगे। ये अधिकारी ही जिले में योजना से सम्बन्धित न्यायिक मामलों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगे।परियोजना अधिकारी शाहीन अली ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के जिला परियोजना समन्वयक जिले में आरजीएचएस योजना के समुचित क्रियान्वयन, समन्वय, मॉनिटरिंग व नियंत्रण के कार्य में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार समस्त कार्य व दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

राज्य सरकार दे रही हर वर्ग को सम्मानजनक और आधुनिक आवास का अवसर

# नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री -आवास का सपना साकार करने के लिए मण्डल आमजन की पहली पसंद : झाबर सिंह खर्रा

- 667 नए आवासों से खुले बेहतर जीवन के द्वार
- नगरीय विकास मंत्री ने की राजस्थान आवासन मण्डल की 5 नवीन आवासीय योजनाओं की शुरुआत




■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल की बहुप्रतीक्षित आवासीय योजनाओं का बुधवार को आवास भवन जयपुर में भव्य शुभारम्भ किया गया। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इन योजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि यह केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त जीवन की ओर ले जाने वाला कदम है। खर्रा ने बताया कि इन 5 विशिष्ट पंजीकरण योजनाओं के तहत कुल 667 आवास/फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जो उदयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर और बाड़मेर जैसे जिलों में आमजन को एक बेहतर आवासीय विकल्प देंगे।'**मुख्य योजनाएं इस प्रकार हैं**'बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना, पॉकेट-7 एवं पॉकेट-8में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 80 हजार से प्रारम्भ।

बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ। बाड़मेर जिले की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास, लागत 8 लाख 61 हजार से प्रारंभ।

धौलपुर जिले की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स, लागत 12 लाख 45 हजार से प्रारम्भ। उदयपुर जिले की पानेरिया की मादड़ी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स, लागत 11 लाख 68 हजार से प्रारम्भ।

# व्यापार संघो ने मण्डी प्रांगणों मे यूजर चार्ज लगाए जाने के निर्णय का स्वागत किया

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान ने बताया कि अधिसूचित कृषि जिन्सों के थोक व्यापार के क्रय-विक्रय को नियमित किये जाने की दृष्टि से राज्य में 337 कृषि उपज मण्डी समितियां संचालित है। इन मण्डी प्रांगणों में अधिसूचित कृषि जिन्सों का व्यापार किया जा रहा है। प्रदेश के कई मण्डी प्रांगणों जैसे जयपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर इत्यादि में अधिसूचित कृषि जिन्सों के साथ-साथ गैर अधिसूचित कृषि जिन्सों/खाद्य पदार्थो जिनका आम उपभोक्ताओं द्वारा दैनिक रूप से उपभोग किया जाता है, का भी व्यापार आरम्भ हो गया था। इस तरह के गैर अधिसूचित कृषि जिन्सों/खाद्य पदार्थो का व्यवसाय मण्डी प्रांगण में अनुमत नहीं होने के कारण इन पर मण्डी समितियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 की धारा 17-ख में संशोधन कर इन गैर अधिसूचित कृषि जिन्सों/खाद्य पदार्थो के व्यापार को भी अनुमत कर इस तरह के व्यापारियों को राहत प्रदान की गई है चूकिं इस प्रकार के व्यवसाय पर अब तक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं था। अब मण्डी प्रांगण के रखरखाव एवं विकास कार्यो इत्यादि की दृष्टि से इनके व्यापार पर मात्र 0.50 प्रतिशत दर से उपयोक्ता प्रभार (यूजर चार्ज) लगाकर इस तरह के व्यापारियों को मण्डी प्रांगणों में व्यापार किये जाने हेतु अनुमत कर दिया गया है। उपयोक्ता प्रभार (उसी चार्ज) लगाये जाने पर एक तरफ इस तरह के व्यापारियों को मण्डी प्रांगणों में दुकानों एवं गोदामों का आवंटन किया जा सकेगा दूसरी तरफ मण्डी समितियों को राजस्व की प्राप्ति भी होगी। राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी निर्णय का विभिन्न व्यापार संघो यथा गंगानगर, उदयपुर, डीग, बहरोड, ब्यावर, जयपुर, प्रतापगढ़, निम्बाहेडा, कुम्हेर, भरतपुर, तिजारा, धौलपुर, डेगाना, मेडतासिटी, खेडली तथा लक्ष्मणगढ़ द्वारा स्वागत किया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आज आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 21 अगस्त, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पहुंचे जोधपुर : सरकार पर साधा निशाना

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर पहुंचते ही प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। स्वतंत्रता दिवस पर हुए हादसे को लेकर उन्होंने कहा कि इतने बड़े राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इस तरह की घटना होना मुख्यमंत्री और प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार के समय हेलमेट और सीट बेल्ट को अनिवार्य करवाने जैसे कदम उठाए गए थे, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आई थी। लेकिन वर्तमान सरकार की लापरवाही साफ झलक रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि चार बच्चे वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान कार्यक्रम स्थल पर आ गए तो यह यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की नाकामी है। यदि कोई अधिकारी मौके पर होता तो हादसा रोका जा सकता था।पूर्व मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सलाह दी कि वे अपने सलाहकारों को बदलें और दुर्घटना की स्थिति में संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतकों के घर जाएं या परिजनों को बुलाकर मुलाकात करते लेकिन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मार्ग बदल कर चले गए। गहलोत ने कहा कि जोधपुर संस्कारी और शांतिप्रिय शहर है, लेकिन पहली बार मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उनके खिलाफ नारे लगे, जो जनता के आक्रोश और सरकार की उदासीनता को उजागर करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पानी की कमी और अव्यवस्था के चलते लगभग 10 बच्चे बीमार हुए, लेकिन उनकी कुशलक्षेम पूछने न तो कोई अधिकारी और न ही मुख्यमंत्री के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। यह सरकार और प्रशासन की असंवेदनशीलता का बड़ा उदाहरण है। गहलोत ने कहा कि जोधपुर संस्कारी और शांतिप्रिय शहर है, लेकिन पहली बार मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उनके खिलाफ नारे लगे, जो जनता के आक्रोश और सरकार की उदासीनता को उजागर करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पानी की कमी और अव्यवस्था के चलते लगभग 10 बच्चे बीमार हुए, लेकिन उनकी कुशलक्षेम पूछने न तो कोई अधिकारी और न ही मुख्यमंत्री के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। यह सरकार और प्रशासन की असंवेदनशीलता का बड़ा उदाहरण है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र सोलंकी, जसवंत सिंह कच्छवाह, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बेनीवाल, पूर्व विधायक मनीषा परिवार, नगर निगम उत्तर महापौर कुंती देवड़ा, जोधपुर दक्षिण अध्यक्ष नरेश जोशी, जोधपुर शहर उत्तर अध्यक्ष सलीम खान, सूरसागर विधायक प्रत्याशी साजिद खान, अजीत सिंह राठौड़, पूर्व विधायक हीराराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष गणपत सिंह चौहान, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता करण सिंह राजपुरोहित, एनएसयूआई अध्यक्ष बबलू सोलंकी और पुखराज देवरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 15 शहरों में हल्की बारिश, झालावाड़ में दो इंच

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

प्रदेश में लगातार हल्की बारिश का दौर जारी है। बुधवार को जयपुर सहित प्रदेश के 15 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आगामी दिनों में बारिश का यह लगातार जारी रहेगा। तेज बारिश का सिलसिला इस माह के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, श्रीगंगानगर, जालौर, डूंगरपुर, झालावाड़, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, राजसमंद और सिरोही में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मंगलवार को राज्य में सर्वाधिक वर्षा लोहरिया (बांसवाड़ा) में 100 मिलीमीटर दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 40.1 और न्यूनतम तापमान बीकानेर में 29.4 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर में बुधवार को दिनभर हल्के से मध्यम बादल छाए रहे और बीच-बीच में बादलों के बीच से सूरज की आंख मिचौली देखने को मिली। दोपहर बाद जयपुर के कुछ हिस्सों में छितराई बारिश देखने को मिली। इससे जयपुर के पारे में हल्की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का दिल्ली दौरा, राजस्थान में चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा के विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव से मुलाकात कर विभागीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की।उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित सोसाइटी के द्वितीय उपवेशन में सम्मिलित होकर विभागीय विषयों पर केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित जनों को संबोधित किया। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। बैठक में केन्द्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, वित्तीय सलाहकार अब्बास, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, एनआईए सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने संस्थान द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम आशा व्यक्त करते हैं कि आयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह संस्थान आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का प्रदेश दौरा —अपराधों में कमी लाने के लिए सामाजिक सहयोग जरूरी

# सामाजिक संस्थाओं और साधु-संतों के सहयोग से बदल सकती है समाज की तस्वीर : किशोर मकवाना

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि अपराधों में कमी लाने और समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक सहयोग ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य करने वाली संस्थाओं, साधु-संतों और सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोगों के सहयोग से बढ़ते अपराधों में कमी लाई जा सकती है।

मकवाना ने बुधवार को शासन सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के दूसरे दिन यह बात कही। इस दौरान सदस्यगण वड्डेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार साथ रहे। आयोग ने अनुसूचित जाति वर्ग के एट्रोसिटी एक्ट (अत्याचार निवारण नियम) के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष में अनुसूचित जाति वर्ग के अपराधों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अपराध मुक्त राजस्थान बनाना है। हालांकि अभी और सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आयोग से प्राप्त सुझावों पर अमल कर आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत किया जाएगा। आयोग की पुलिस महानिदेशक सनमीत कौर ने पुलिस अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े दर्ज अपराध, चालान, चार्जशीट, प्रकरण निस्तारण, वर्ग को दी जाने वाली सहायता राशि आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली और सुधारात्मक सुझाव भी दिए। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने आयोग को बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के केसेज में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पुलिस दर्ज होने वाले केसों का सूक्ष्म रूप से विश्लेषण करेगी, गंभीर प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल करेगी।

**'बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण, साथ में भोजन भी किया, छात्राओं ने बोला 'थैंक यू सर'**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष किशोर मकवाना, सदस्यगण वड्डेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार ने जामडोली कैंपस स्थित अनुसूचित जाति वर्ग की बालिकाओं के लिए संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया।आयोग के सदस्यों ने कैंपस में वृक्षारोपण किया और बालिकाओं के साथ मेस में भोजन करते हुए अनौपचारिक रूप से संवाद भी किया। बालिकाओं में आयोग से आए अतिथियों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आयोग को विदा करते समय बालिकाएं थैंक यू सर कहकर आभार जताती नजर आईं।

राजस्थान में ग्रीन एनर्जी कोरिडोर के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात



■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर भेंट कर राजस्थान में ऊर्जा और आवासन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि राजस्थान ने नवीकरणीय ऊर्जा निकासी की योजना बनाई है। इस योजना में शामिल परियोजनाओं को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर- थर्ड में शामिल कर केंद्र की तरफ से अधिकतम अनुदान शीघ्र स्वीकृत किया जाए। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं से ऊर्जा की निकासी हेतु सुदृढ़ पारेषण तंत्र की आवश्यकता है जिसके लिए अधिकतम केंद्रीय सहयोग आवश्यक है।



**नॉन मिलियन प्लस शहरों के लिए केंद्रीय सहयोग पर चर्चा**

शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान 15वें वि‍ा आयोग के अंतर्गत राजस्थान के नॉन मिलियन प्लस शहरों के नगरीय निकायों को दिए जाने वाले केंद्रीय सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन नगरीय निकायों को प्रदान किए जाने वाले वि‍ीय सहयोग से गतिमान विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सकेगा। मुयमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक एवं वल्ड बैंक के संयुत वि‍ा पोषण के माध्यम से संचालित आर. यू. आई. डी. पी. पांचवें चरण की परियोजना तैयार कर भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत की है जिस पर केंद्रीय मंत्रालय का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से जलापूर्ति, अपशिष्ट जल प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शहरी यातायात सुधार, बाढ़ प्रबंधन और विरासत संरक्षण सहित प्रदेश के शहरों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इस परियोजना की शीघ्र स्वीकृति से राज्य के चहुंमुखी विकास में गति आएगी तथा प्रदेश की जनता लाभान्वित होगी। मुयमंत्री ने कहा कि राजस्थान में ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं जिनके सकारात्मक दोहन और प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए केंद्रीय सहयोग आवश्यक है। इस पर केंद्रीय मंत्री द्वारा राजस्थान को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

**'जयपुर मेट्रो फेज- 2 की स्वीकृति का किया आग्रह'**

मुयमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान आग्रह किया कि जयपुर मेट्रो रेल फेज- 2 का संयुत उपक्रम (50:50) के तहत निर्माण की विस्तृत कार्य योजना को जल्द स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रस्तावित परियोजना के लिए केंद्रीय अंशदान की स्वीकृति से जयपुर वासियों के लिए एक सुदृढ़, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य को जल्द हासिल किया जा सकेगा।

# सिंधी समाज ने विभाजन का दर्द सहा पर संस्कृति को जीवित रखा: देवनानी




- कोहिनूर पैलेस में दिखी सिंधु संस्कृति की झलक, अयोध्या की पावन भूमि पर 73वाँ झूलेलाल महोत्सव
- देवनानी ने उत्तर प्रदेश विधान सभा को देखा और महाना से मुलाकात की
- अयोध्या में राम मंदिर के किए दर्शन, प्रदेश की खुशहाली की कामना की

■ नवश्रेय टाईस़ , जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज हमेशा से पुरुषार्थी रहा है। उन्होंने कहा कि देश सहित अयोध्या के विकास में सिंधी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सिंधी समाज देश के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब समाज के बच्चें प्रशासनिक सेवाओं में भी आगे आ रहे है यह गर्व का विषय है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संत साई नितिन राम और सिंधु सेवा समिति(रजि.) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमृत राजपाल ने अयोध्या में प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और प्रभु झूलेलाल की आरती के साथ दीप प्रज्ज्वलन करके 73 वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव का शुभारम्भ किया। समारोह का संचालन ट्रस्ट के संरक्षक गिरधारी चावला और महामंत्री नरेन्द्र क्षेत्रपाल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनानी का प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा, शॉल ओढाकर व पुष्प गुच्छ व पाखर भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर देवनानी ने स्नातक और परास्नातक में उत्कृष्ट युवाओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया। 73 वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव में एक शाम सिंधियत के नाम में अंतर्राष्ट्रीय गायक जतिन उदासी व ज्योति पहलाजानी ने सिंधी गीतों से सर्व समाज का मन मोह लिया।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
(पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

CMYk